खास-खबरें

ग्राम पेमत में धूमधाम से मनाई सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः ग्राम पेमत में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सकल समाज से सरदार पटेल के विचारों और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेमचंद पटेल रहे, जबकि अध्यक्षता बेनी प्रसाद वर्मा ने की। वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके आदर्श आज भी समाज और राष्ट्र को एकजुट रखने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में देवीराम गौर, कुंदनलाल गौर, विनोद पटेल, राजीव वर्मा, शंकरलाल गौर, द्वारका प्रसाद भदोरिया, सीताराम गौर, सोनू पटेल, विनोद सेन, सचिन मालवीय, मनमोहन मालवीय, लक्ष्मीनारायण वर्मा, बृजेश पटेल, सुधीर पटेल, लक्ष्मीनारायण मालवीय और काशीराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित पटेल ने किया। अंत में उपस्थित लोगों ने अगले वर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और अधिक व्यापक स्तर पर मनाने का संकल्प लिया।

सेंट एसआरएस स्कूल में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

गंजबासौदा। सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवकों और विद्यालय परिवार ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रजनी गुप्ता, केपी सिंह चौहान, रंजू राठौर और मेघना टेबानी ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। बालिका इकाई की स्वयंसेविकाओं चारु खापरे, अनूती दांगी, मुस्कान अहिरवार और महक सुमन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्राचार्य उमेश यादव ने विद्यार्थियों को सरदार पटेल के योगदान से परिचित कराते हुए बताया कि स्वतंत्रता के बाद 565 देशी रियासतों का भारत में विलय कर उन्होंने देश को एकता के सूत्र में बांधा। हिंदी विभाग की व्याख्याता रंजू राठौर ने राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत कर स्वयंसेवकों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि सरदार पटेल देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संचालन एवं आभार कार्यक्रम अधिकारी केपी सिंह चौहान ने किया।

सीहोर के होटल में जुआ खेलते 5 लोग पकड़े, 10.85 लाख रुपये जब्त

नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः कोतवाली पुलिस ने इंदौर-भोपाल हाईवे स्थित बायपास के होटल द एमराल्ड में जुआ खेलते पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 10 लाख 85 हजार रुपये नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धारा 3/4 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार, बीती रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि होटल के एक कमरे में कुछ लोग हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी और पांच लोगों को जुआ खेलते पकड़ा। मौके से नकदी और ताश के पत्ते जब्त किए गए। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर जिले में जुआ-सट्टा सहित अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे और नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

जिला कांग्रेस कार्यालय में इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती मनाई

नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरःमध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, न्यू बस स्टैंड सीहोर में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती सहित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दोनों विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजीव गुजराती ने कहा कि सरदार पटेल ने रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। वहीं इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के कार्यकाल में सैन्य शक्ति, परमाणु क्षमता और कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुईं। हरित क्रांति ने देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को नमन

नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व गृहमंत्री एवं उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्र की धरोहर हैं। देश उनके योगदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। यह विचार श्रम शिविर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में कहा गया कि इंदिरा गांधी और सरदार पटेल ने देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे हमेशा याद किया जाएगा। दोनों नेताओं के विचार और राष्ट्रहित में किए गए कार्य देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर गांधी स्मारक श्रमिक ट्रस्ट के अध्यक्ष त्रिदेव पाटीदार, सचिव विक्रम विद्यार्थी, कोषाध्यक्ष गोपाल गुरु, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला कांग्रेस महामंत्री सुरेंद्र कुमावत, वरिष्ठ नेता शरद पारीक, बाबूलाल शर्मा और अशोक व्यास सहित अन्य उपस्थितजनों ने इंदिरा गांधी एवं सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सिंहस्थ 2028 : निर्माणाधीन मार्गों का कलेक्टर ने लिया जायजा

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत शहर में सड़क चौड़ीकरण और कनेक्टिविटी मजबूत करने के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा कराने और आमजन की आवाजाही सुचारु रखने के लिए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को नीलकंठ द्वार से रामघाट तक निर्माणाधीन सड़कों का काम तेज करने और व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

103वें नियमित निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्मार्ट सिटी सीईओ नेहा जैन और प्रशासनिक अमले के साथ शहर के प्रमुख मार्गों की स्थिति देखी। निरीक्षण में नीलकंठ द्वार से महाकाल मंदिर चौराहा, चौबीस खंबा से हरसिद्धि की पाल, गुदरी चौराहा, हरसिद्धि की पाल से रामघाट और दानीगेट सहित प्रमुख आस्था मार्गों का जायजा लिया गया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। इसके लिए निर्माण स्थलों पर स्पष्ट डायवर्जन बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क की एक ओर का काम पूरा होने के बाद ही दूसरी ओर निर्माण शुरू किया जाए, ताकि मार्ग पूरी तरह बंद न हो और यातायात सुचारु बना रहे।

निरीक्षण के दौरान डिवाइडर पर पौधारोपण, पुरानी ऐतिहासिक दीवारों की सुरक्षा के लिए गेबियन वॉल तैयार करने और नाली निर्माण का काम तत्काल शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा गया।

स्मार्ट सिटी द्वारा महाराजवाड़ा से चौबीस खंबा मार्ग पर किए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। प्राचीन स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए महाराजवाड़ा चौराहे की नई री-डिजाइनिंग और बंबईवालों की धर्मशाला में प्रस्तावित विकास कार्यों को तय गुणवत्ता के साथ पूरा करने की योजना पर चर्चा की गई। सिंहस्थ को देखते हुए शहर की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर प्रशासन का जोर है।

अधिकारियों, छात्र-छात्राओं व नागरिकों ने दिया एकता और अखंडता का संदेश

सीहोर। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में 'एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी)' का आयोजन किया गया। एकता दौड़ में कलेक्टर बालागुरू के., पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे एवं एसडीएम तन्मय वर्मा, विद्यार्थियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ भी ली। एकता दौड़ के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने दौड़ में शामिल होकर राष्ट्र की एकता और सामूहिक शक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि वे देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सदैव समर्पित रहेंगे तथा समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देंगे।

बड़नगर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मावा-मिठाइयों के नमूने किए जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर विभाग की टीम ने बड़नगर तहसील में खाद्य पदार्थों की जांच के लिए अभियान चलाया। इस दौरान दूध, मावा, घी, मिठाइयों और अन्य खाद्य सामग्री के संदिग्ध नमूने संग्रहित किए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बड़नगर के बाजारों में मावा और घी निर्माण स्थलों सहित मिठाई विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की। नमूने लेने से पहले मावा और घी में स्टार्च, शर्करा तथा वनस्पति की मिलावट की प्रारंभिक जांच भी की गई। कार्रवाई के दौरान बदनावर रोड स्थित गणेश दूध केंद्र से दूध के दो नमूने लिए गए। राजा आइसक्रीम जैन मिठाई भंडार से प्रसादी पेड़ा और सिका मावा पेड़ा, महात्मा गांधी मार्ग स्थित अरिहंत स्वीट्स से केसर बर्फी और सफेद मावा बर्फी तथा शिवाजी मार्केट स्थित दीपक मिष्ठान से मावा बर्फी और प्रसादी पेड़ा के नमूने लिए गए। इसके अलावा खरसोदकलां निवासी दूध विक्रेता वीरेंद्र अग्रवाल से दूध और भगतसिंह पथ स्थित अग्रवाल एजेंसी से बादाम व किशमिश के नमूने संग्रहित किए गए।

तमन्ना और विनीत शर्मा ने महाकाल की भस्म आरती में किए दर्शन

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए फिल्मी हस्तियों के आने का सिलसिला जारी है। शनिवार तड़के अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और अभिनेता विनीत शर्मा महाकाल मंदिर पहुंचे। दोनों कलाकारों ने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की।

भस्म आरती के बाद तमन्ना भाटिया ने अपनी मां और परिवार के साथ दर्शन करने के अनुभव को आनंददायक बताया। उन्होंने कहा कि महाकाल मंदिर में श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और सुकून के साथ दर्शन करते हैं। मंदिर प्रशासन द्वारा दर्शनार्थियों के लिए की गई सुगम और व्यवस्थित व्यवस्थाओं की भी उन्होंने सराहना की।

अभिनेता विनीत शर्मा भी भगवान महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसे अद्भुत दर्शन हुए, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि ऐसा लगा मानो बाबा महाकाल ने स्वयं उन्हें नंदी के सामने ला खड़ा किया हो। संपूर्ण भस्म आरती के दर्शन का अवसर मिलने पर उन्होंने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर और इंजीनियर शिवकांत पांडे ने दोनों कलाकारों का स्वागत और सम्मान किया।

जम्मू-कश्मीर में रामकथा से श्रीराम के आदर्शों का संदेश दे रहे नौलखी आश्रम के महंत

गंजबासौदा। बेतवा तट स्थित नौलखी आश्रम की संत परंपरा की आध्यात्मिक गूंज अब जम्मू-कश्मीर तक पहुंच गई है। माता वैष्णो देवी की पावन धरा पर नौलखी खालसा के श्रीमहंत 108 राममनोहर दास जी महाराज के श्रीमुख से नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और भक्ति का संदेश दिया जा रहा है। अयोध्या, चित्रकूट, ब्रजभूमि गोवर्धन, जगन्नाथपुरी और राजस्थान के बाद जम्मू-कश्मीर में रामकथा का आयोजन नौलखी की संत परंपरा की आध्यात्मिक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। कथा में जम्मू-कश्मीर सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से भजनानंदी संत मंडलियां शामिल हो रही हैं। गंजबासौदा के श्रद्धालु भी पहुंचकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। नौलखी आश्रम प्राचीन संत परंपरा और साधना की सिद्ध तपोभूमि के रूप में पहचाना जाता है।

पद्मश्री सत्येंद्र सिंह लोहिया ने युवाओं को दिया हौसले का संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के 70वें आधारशिला दिवस और 'सम्राट विक्रमादित्य कौटिल्य अलंकरण समारोह-2026' का सात दिवसीय आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। माधव भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित समापन समारोह में अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक और पद्मश्री डॉ. सत्येंद्र सिंह लोहिया ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हौसला बुलंद हो तो हर समंदर मुट्ठी में किया जा सकता है।

डॉ. लोहिया ने अपने संघर्ष और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि शारीरिक बाधाएं सफलता की राह नहीं रोक सकतीं। इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और लगन जरूरी है। उन्होंने युवाओं से बहाने छोड़कर अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उनके प्रेरक संबोधन पर सभागार तालियों से गूंज उठा। समारोह में उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों को 'सम्राट विक्रमादित्य कौटिल्य अलंकरण' से सम्मानित किया गया। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में चार पुस्तकों के माध्यम से योगदान देने वाली डॉ. मीठी शर्मा को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने युवाओं से आधुनिकता के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने का आह्वान किया। प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने सात दिवसीय आयोजन को विश्वविद्यालय के इतिहास का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. उमेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है।

शासकीय पॉलिटेक्निक में अनियमितताओं की जांच की मांग, एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मध्यभारत, जिला रायसेन ने शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, समनापुर-बरेली में वर्ष 2017 से अब तक कथित वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बरेली एसडीएम तथा जिला कलेक्टर रायसेन के नाम तहसीलदार शैलेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

परिषद ने महाविद्यालय प्रबंधन और प्राचार्य की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि उचित निगरानी के अभाव में वित्तीय और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अनियमितताएं हो रही हैं। ज्ञापन में सार्थक ऐप लागू होने के बाद से अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति, संबंधित अभिलेखों तथा वेतन भुगतान की पारदर्शिता की जांच कराने की मांग की गई है।

परिषद ने वर्ष 2017 से अब तक कर्मचारियों के वेतन भुगतान, देरी और लंबित राशि सहित प्राचार्य को प्राप्त फंड के वित्तीय अभिलेखों की जांच कराने की मांग भी उठाई। इसके अलावा प्रायोगिक परीक्षाओं के बिल, परीक्षा पारिश्रमिक लंबित रहने के कारणों तथा विभिन्न मदों में प्राप्त शासकीय राशि और अनुदान के उपयोग की जांच कराने की बात कही गई। ज्ञापन में छात्रावास के अनुदान और उसके वर्षवार उपयोग का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग शामिल है। भोजन, मरम्मत, बिजली, पानी, साफ-सफाई, जनरेटर संचालन और रखरखाव पर हुए खर्च के बिल-वाउचरों का सत्यापन कराने की मांग भी की गई। प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं में विद्युत व्यवस्था, उपकरणों तथा संबंधित फंड की भौतिक और वित्तीय जांच कराने की बात कही गई।

परिषद ने व्याख्याताओं द्वारा विद्यार्थियों को कथित रूप से प्रताड़ित किए जाने की शिकायतों, अतिथि व्याख्याताओं की योग्यता, चयन प्रक्रिया और नियुक्ति संबंधी दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच की मांग की। लाइब्रेरी, स्टेशनरी, सांस्कृतिक और खेलकूद कार्यक्रमों के बजट तथा उपयोग की वर्षवार जांच भी ज्ञापन में शामिल है।

एबीवीपी ने मांग की कि सक्षम एवं निष्पक्ष अधिकारी से जांच कर संबंधित पक्षों के बयान और दस्तावेजों का परीक्षण कराया जाए। अनियमितताएं प्रमाणित होने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। परिषद ने चेतावनी दी कि समय पर जांच शुरू नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान परिषद के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ब्लोसम हाइट्स के विवान गोस्वामी ने राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में जीता स्वर्ण और रजत

नईदुनिया प्रतिनिधि, पीथमपुरः ब्लोसम हाइट्स पब्लिक स्कूल के प्रतिभावान छात्र विवान गोस्वामी ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी में आयोजित 22वीं नेशनल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रजत पदक जीते। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विवान ने काता स्पर्धा में स्वर्ण और कुमिते में रजत पदक हासिल किया।

टीम ने जीते 20 पदकः कोच अमय लश्करी के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में शामिल 18 खिलाड़ियों की टीम ने कुल 20 पदक जीते। इनमें 11 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य पदक शामिल हैं। देशभर के खिलाड़ियों के बीच टीम का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

विद्यालय में खुशी का माहौलः विवान की सफलता पर विद्यालय में उत्साह का माहौल रहा। प्रबंधन, शिक्षकों और सहपाठियों ने विवान और कोच अमय लश्करी का स्वागत किया।

विवान ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के सहयोग और कोच के मार्गदर्शन को दिया। नियमित अभ्यास और अनुशासन से मिली इस उपलब्धि के बाद अब विवान अंतरराष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में राज्य का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी करेंगे।

सरदार पटेल जयंती पर बच्चों ने ली राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने खेल परिसर स्टेडियम में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों और बच्चों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक सुजाता कुशवाहा ने उपस्थित खिलाड़ियों और बच्चों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का प्रथम कर्तव्य है।

इस अवसर पर नगर के खेल शिक्षक, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों ने बच्चों को सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान, विभिन्न रियासतों के एकीकरण और राष्ट्रीय एकता के महत्व की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सदैव समर्पित रहेंगे तथा 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम का समापन 'एकता में ही शक्ति है' के प्रेरणादायी संदेश के साथ हुआ।

खाद वितरण में टोकन व्यवस्था खत्म करने की मांग, आप ने सौंपा ज्ञापन

गंजबासौदा। किसानों की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें खाद वितरण में लागू टोकन व्यवस्था समाप्त करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। पार्टी ने कहा कि टोकन प्रणाली के कारण किसानों को खाद प्राप्त करने में परेशानी हो रही है और खेती के सीजन में काम प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन के माध्यम से आम आदमी पार्टी ने प्रशासन का ध्यान किसानों की इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि खेती के महत्वपूर्ण समय में खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था सुचारु रहना आवश्यक है। टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी ने प्रशासन से मांग की कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खाद वितरण की व्यवस्था सरल बनाई जाए और टोकन प्रणाली समाप्त की जाए।

जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यशाला का समापन युवाओं को दिए सुरक्षित समाज के निर्माण के संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग और मध्यप्रदेश पुलिस की संयुक्त पहल पर आयोजित तीन दिवसीय 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' कार्यशाला का समापन हुआ। इसमें युवाओं को कानून, नागरिक कर्तव्यों और सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी तेर सिंह बघेल ने कहा कि युवा समाज की शक्ति हैं। सुरक्षित समाज के निर्माण में उनकी सकारात्मक भागीदारी जरूरी है। सिटी एसपी जितेंद्र भास्कर ने साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, महिला सुरक्षा और नशे जैसी चुनौतियों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

डॉ. दीपिका सेठे ने महिला एवं बाल संरक्षण को समाज का सामूहिक दायित्व बताया। प्राचार्य प्रो. जेएस दुबे ने कहा कि शिक्षा विद्यार्थियों को जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाने का माध्यम भी है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस पर उपस्थितजनों को एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को कानून व्यवस्था, साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों और पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। एनएसएस, यूथ रेडक्रास स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने पुलिस थानों का शैक्षणिक भ्रमण किया। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। संचालन डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया और आभार लेफ्टिनेंट योगेश कुमार पटेल ने माना।